बरीरा- रज़ियल्लाहु अन्हा- और उनके पति की घटना पर आधारित हदीस

अब्दुल्लाह बिन अब्बास- रज़ियल्लाहु अन्हुमा- बरीरा- रज़यल्लाहु अन्हा- और उनके पति की घटना के संबंध में कहते हैं कि अल्लाह के नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने उनसे कहाः "यदि तू उसके यहाँ लौट जाए, तो तुझे उसका सवाब मिलेगा।" उन्होंने कहाः ऐ अल्लाह के रसूल! क्या आप मुझे आदेश दे रहे हैं? फ़रमायाः "मैं केवल सिफ़ारिश कर रहा हूँ।" उन्होंने कहाः "मुझे उसकी कोई ज़रूरत नहीं है।" [सह़ीह़] [इसे बुख़ारी ने रिवायत किया है।]

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/3741